-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 08 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.04.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 08 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले देवानंद द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी गई कि दिनांक 28.04.2026 की शाम को कालूकुआं एस0एस मान्टेसरी गली से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। सूचना पर थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, वैज्ञानिक एवं तकनीकि माध्यमों के माध्यम से अभियुक्त की पहचान करते हुए सूचना के 08 घण्टे के भीतर अभियुक्त को छोटा बाईपास पल्हरी मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से चोरी की मोटरसाइकिल को भी बरामद किया गया।

बरामदगी-

- 01 मोटरसाइकिल (चोरी की)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अरुण पुत्र संतोष निवासी निवादा थाना गिरवां जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 201/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. म0उ0नि0 सुश्री रश्मि सिंह
2. कां0 सतीश
3. कां0 नरेन्द्र